wदैनिक भास्कर Apr 29, 2020, 05:27 AM IST

U;w यॉर्क टाइम्स से / ट्रम्प ने 51 दिन में 2.60 लाख शब्द बोले; 600 बार खुद की तारीफ, 360 बार दूसरों का श्रेय लिया, 110 बार आरोप लगाए

पत्रकारों के विश्लेषण के मुताबिक, जिस कोरोनावायरस पर ट्रम्प ने ब्रीफिंग की, उसके पीड़ितों के बारे में सिर्फ साढ़े चार मिनट बात की। (फाइल)

पत्रकारों के विश्लेषण के मुताबिक, जिस कोरोनावायरस पर ट्रम्प ने ब्रीफिंग की, उसके पीड़ितों के बारे में सिर्फ साढ़े चार मिनट बात की। (फाइल)

कोरोना को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 9 मार्च से अब तक की ब्रीफिंग का 3 पत्रकारों ने विश्लेषण किया

पिछले तीन हफ्तों में ट्रम्प ने करीब 13 घंटे भाषण दिया, सबसे ज्यादा 2 घंटे दूसरों पर आरोप लगाने में बर्बाद हुए

वॉशिंगटन. (जेरेमी डब्ल्यू पीटर्स, एलैना प्लॉट, मैगी हैबरमैन) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बड़बोलेपन के लिए जाने जाते हैं। वे कोरोना को लेकर व्हाइट हाउस में ब्रीफिंग करते हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स के तीन पत्रकारों ने उनके हर शब्द का विश्लेषण किया है। **9 मार्च से लेकर अब तक वे 2.60 लाख शब्द बोल चुके हैं।** इनमें सबसे 600 से ज्यादा बार उन्होंने कोरोना संकट पर अतिश्योक्ति और झूठे वादे करते हुए खुद की तारीफ की और बधाई दी। इनके अलावा दूसरों पर आरोप लगाने, दूसरों का श्रेय लेने जैसी बातें भी कीं।

13 घंटे के भाषण में 2 घंटे आरोप, 45 मिनट खुद की तारीफ, पीड़ितों को सिर्फ 4 मिनट

पिछले तीन हफ्तों में ट्रम्प ने करीब 13 घंटे का भाषण दिया। इस दौरान सबसे ज्यादा 2 घंटे दूसरों पर आरोप लगाने में बर्बाद हुए। इसके बाद सबसे ज्यादा 45 मिनट खुद की तारीफ में लगाए। आधा घंटा डेमोक्रेट्स को घेरने में लगाया, 25 मिनट मीडिया की बुराई की, 21 मिनट

चीन पर हमले किए और करीब 22 मिनट गवर्नर्स की तारीफ और आलोचना को लेकर बात की। सबसे बड़ी और दुखद बात यह कि जिस कोरोनावायरस पर ट्रम्प ने ब्रीफिंग की, उसके पीड़ितों के बारे में सिर्फ साढ़े चार मिनट बात की।

जितनी सहानुभूति, उसकी चार गुना खुद की तारीफ

ट्रम्प ने खुद को कोरोना के महानायक के रूप में पेश किया। उन्होंने जितना पीड़ितों का जिक्र किया, उससे चार गुना ज्यादा खुद की तारीफ कर दी।

600 से ज्यादा बार झूठे दावे करते हुए खुद को बधाई दी।

400 बार गवर्नर्स का जिक्र किया।

360 बार दूसरे का श्रेय ले लिया।

160 बार सहानुभूति जताई, उसमें भी अपनी और स्टाफ की तारीफ।

110 बार दूसरों पर आरोप लगाए।

30 बार पूर्व सरकारों को अमेरिका की स्थिति बिगाड़ने का दोषी बताया।

ऐसे बयान देते रहे ट्रम्प

यूएसएफडीए कमिश्नर के लिए कहा- उन्होंने हर किसी से ज्यादा मेहनत की। फिर कहा- जैसे मैंने।

ये झूठ भी कहा कि इमरजेंसी में देश में कहीं भी वेंटिलेटर नहीं थे।

27 मार्च को कहा- किसी ने ऐसा कुछ नहीं किया है जैसा हमने किया।

13 अप्रैल: गवर्नर मेरे काम से इतने संतुष्ट हैं कि किसी ने यह नहीं कहा कि मुझे क्या करना चाहिए।

मीडिया के लिए कहा कि वे कभी श्रेय नहीं देते, जिसका मैं हकदार हूं।